राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–219/2023

राज्यपाल से भारत में नार्वे के राजदूत ने मुलाकात की

पटना, 08 अगस्त 2023 :– महामहिम राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर से भारत में नार्वे के राजदूत श्री हंस जैकब फ्रायडेनलुंड ने राजभवन आकर मुलाकात की।

मुलाकात के दौरान नार्वे के राजदूत ने भारत की विविधता संबंधी अपने अनुभवों को साझा किया। उन्होंने भारत और नार्वे के बीच के संबंध एवं सहयोग की भी चर्चा की। राज्यपाल ने उन्हें बताया कि बिहार के लोग काफी क्षमतावान हैं तथा इस राज्य में कृषि एवं पर्यटन सहित विभिन्न क्षेत्रों में विकास की काफी संभावनाएँ हैं।

....